आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त
# यश भारत
नये जमाने के साथ..
कटनी • शनिवार, 20 मई, 2023



# यश भारत

नये जमाने के साथ..

वर्ष- 17 अंक 107 • कटनी • शनिवार, 20 मई, 2023 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 1 • विक्रम संवत् 2080 शके 1935


**जबलपुर में आज का मौसम**

आज सुबह का तापमान

31.4डिसे

दोपहर 12 बजे तक

37 डिसे

तेज धूप, बढ़ेगा तापमान

**आईपीएल 16**

आज के मैच

दिल्ली विरुद्ध चेन्नई

दोपहर 3.30 बजे से

कोलकाता विरुद्ध लखनऊ

शाम 7.30 बजे से

## » न्यूज गैलरी

### पीएम मोदी ने जापानी पीएम फुमियो किशिदा से की मुलाकात



■ हिरोशिमा, एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जापान के हिरोशिमा में जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से मुलाकात की. इस दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार, अर्थव्यवस्था और संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत-जापान की मित्रता को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की. पीएम मोदी, फुमियो किशिदा के निमंत्रण पर जापानी अध्यक्षता के तहत हो रहे जी 7 शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। न्यूज एजेंसी के अनुसार पीएम मोदी ने कहा 'मैं आपको जी7 के शानदार आयोजन के लिए बधाई देता हूं. आपकी (प्रधानमंत्री किशिदा) भारत यात्रा एक यादगार यात्रा थी. मैंने जो बोधि वृक्ष आपको दिया था, उसको आपने हिरोशिमा में लगाया और जैसे-जैसे वो बढ़ेगा भारत-जापान के संबंधों को मजबूती मिलेगी. यह वो वृक्ष है जो बुद्ध के विचारों का अमरत्व प्रदान करता है.' बता दें कि शुक्रवार को पीएम मोदी अपनी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में हिरोशिमा पहुंचे और उनके 40 से अधिक कार्यक्रमों में भाग लेने की उम्मीद है।

### दमोह में जबलपुर जीएसटी टीम का छापा, केजीएस ग्रुप के कारखानों में दी गई दबिश




■ जबलपुर, यशभारत।

जीएसटी टीम द्वारा दमोह जिले में संचालित केजीएस ग्रुपों के तीन कारखानों में छापेमारी कार्रवाई की। जीएसटी टीम को सूचना मिली थी कि केजीएस ग्रुप चोरी छुपे पान मसाला, बीड़ी सिगरेट और तम्बाकू के कारखाने संचालित कर रहे हैं। जानकारी के आधार पर जीएसटी जबलपुर टीम ने केजीएस ग्रुप के कारखानों में दबिश दी लेकिन कारखानों में कोई अधिकारी-कर्मचारी मौजूद नहीं था। इसके बाद टीम ने उत्पादों का सेंपल लेकर कारखानों में सील कर दिया।

### माफिया मुख्तार अंसारी की बड़ी धड़कनें, गैंगस्टर एक्ट के एक और मामले में फैसला आज

■ गाजीपुर, ईएमएस।

यूपी के बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की धड़कनें एक बार फिर बढ़ गई हैं. गाजीपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट शनिवार को एक और गैंगस्टर एक्ट के मामले में फैसला सुना सकती है. 2009 के कपिल देव सिंह हत्याकांड और मोहम्मदाबाद के मीर कासिम की शिकायत पर दर्ज केस में पुलिस ने मुख्तार के खिलाफ गैंगस्टर चार्ट बनाया था. इस मामले में फैसले के लिए कोर्ट ने 20 मई की तारीख तय की है। गौरतलब है कि 2009 में करंडा थाना क्षेत्र में कपिल देव सिंह की हत्या हुई थी. इस मामले में मुख्तार अंसारी समेत अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया था. हालांकि 2011 में कोर्ट ने मुख्तार को इस मामले में बरी कर दिया था।


**विशुद्ध हेल्थ केयर**

माइक्रोबायोलॉजी एवं पैथोलॉजी लैब

Dr.Ankit Seth

MD,DEM,FICM.PGC Diabetology

(Boston USA) Consultant

Physician - Diabetologist

Phon-0761-4035454

Mo.9753000122

2365, राईट टाउन, मदन महल स्टेशन रोड, पी.एण्ड टी. गेट नं. 4 चौराहा, जबलपुर (म.प्र.)


## सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम शिवकुमार के साथ 8 विधायकों ने ली शपथ

# कर्नाटक में कांग्रेस सरकार सत्तारूढ़



### सिद्धारमैया के शपथ में दिखी विपक्षी एकता

2024 लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक में मिली जीत ने कांग्रेस में नई ऊर्जा भर दी है. ऐसे में पार्टी सिद्धारमैया के शपथ ग्रहण को भव्य बनाकर विपक्षी एकता का भी संकेत देना चाहती है. कांग्रेस ने समारोह में शामिल होने के लिए समान विचारधारा वाली पार्टियों के नेताओं को न्योता भेजा था।



### कांग्रेस ने मायावती, केजरीवाल, केसीआर को नहीं दिया न्योता

कांग्रेस ने शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, तेलंगाना के सीएम केसीआर, केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन, आंध्र प्रदेश के सीएम जगनमोहन रेड्डी, ओडिशा के मुख्यमंत्री के अलावा बसपा चीफ मायावती और बीजद चीफ नवीन पटनायक को नहीं बुलाया गया।




■ बेंगलूर, एजेंसी।

कर्नाटक में आज सिद्धारमैया ने सीएम और डीके शिवकुमार डिप्टी सीएम पद की शपथ ली इसके अलावा 8 विधायकों को भी कैबिनेट मंत्री की शपथ दिलाई गई। जानकारी के मुताबिक इनमें डॉ. जी परमेश्वर, केजे जॉर्ज, के एच मुनियप्पा, सतीश जरकीहोली, जमीर अहमद, देशपांडे की जगह रामलिंगा रेड्डी, मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक खड़गे और एम बी पाटिल के नाम शामिल हैं। सिद्धारमैया ने दल के नेता के तौर पर इनके नामों की लिस्ट राज्यपाल को भी भेज दी गई।

### विपक्ष को एकजुट करने का रुख नहीं अपना रही कांग्रेस : प्रकाश करात

सीपीएम पोलित ब्यूरो नेता प्रकाश करात ने शपथ ग्रहण समारोह में कई मुख्यमंत्रियों को ना बुलाने पर कांग्रेस पर हमला बोला. उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी ऐसा रुख नहीं अपना रही है, जिससे विभिन्न राज्यों की पार्टियों को एकजुट किया जा सके. उन्होंने केरल और तेलंगाना के मुख्यमंत्री को आमंत्रित नहीं किया है क्योंकि कांग्रेस इन्हें अपना दुश्मन मानकर चुनाव लड़ने जा रहे हैं. तेलंगाना में दिसंबर में चुनाव होने वाले हैं।

### राहुल-प्रियंका शामिल, सोनिया गांधी नहीं पहुंची

शपथ ग्रहण समारोह में सोनिया गांधी नहीं शामिल नहीं हुई जबकि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी शपथ ग्रहण में मौजूद रहे। बिहार के सीएम नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।



## मध्यप्रदेश, राजस्थान और यूपी में हीटवेव का अलर्ट

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने 20 से 22 मई के बीच हीटवेव का चेतावनी दी है। आईएमडी की मानें तो दक्षिण उत्तर प्रदेश के इलाकों में सोमवार तक हीटवेव की स्थिति रहेगी। वहीं, 21 मई तक पश्चिमी राजस्थान और मध्यप्रदेश के कुछ हिस्सों में लोगों को हीटवेव का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा, उत्तरी छत्तीसगढ़ और झारखंड में 21 से 23 मई के बीच हीटवेव की स्थिति रहेगी। दिल्ली-एनसीआर में भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिन तेज गर्मी रहेगी। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। वहीं, अगले हफ्ते बारिश की भी संभावना है। मौसम विभाग ने कहा, शनिवार को आसमान साफ रहेगा और तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

### देशभर में मौसमी प्रणाली सिस्टम

स्काईमेट वेदर के अनुसार, एक पश्चिमी विक्षोभ जम्मू-कश्मीर पर चक्रवाती हवाओं के क्षेत्र के रूप में बना हुआ है। एक ट्रफ उत्तर बिहार से मध्य छत्तीसगढ़ तक जा रही है। वहीं, एक अन्य ट्रफ विदर्भ से दक्षिण तमिलनाडु तक जा रहा है।

### मानसून निकोबार व अंडमान सागर पहुंचा

दक्षिण-पश्चिमी मानसून दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी, निकोबार द्वीपसमूह और दक्षिण अंडमान सागर पहुंच चुका है। इससे बारिश का माहौल बन गया है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले 3 से 4 दिनों में दक्षिणी पश्चिमी मानसून के बढ़ने की संभावना है।

## हाईकोर्ट ने दे दी राहत, आर्यन केस

# समीर वानखेड़े के खिलाफ सोमवार तक CBI नहीं ले सकता कोई कठोर एक्शन

■ मुंबई, एजेंसी।

एनसीबी यानी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े ने शुक्रवार को बंबई हाईकोर्ट में आरोप लगाया कि 2021 में एक क्रूज जहाज पर मादक पदार्थ जब्त किये जाने के मामले से संबंधित 'मसौदा शिकायत' में अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन को आरोपी बनाया गया था, लेकिन बाद में इसे बदल दिया गया और उसका (आर्यन का) नाम हटा दिया गया. भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी वानखेड़े ने अदालत के समक्ष अपनी याचिका में यह दावा किया. इस याचिका में वानखेड़े ने अपने खिलाफ सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध किया है. प्राथमिकी में वानखेड़े पर आर्यन को मादक पदार्थ मामले में नहीं फंसाने के एवज में खान से कथित तौर पर 25 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया गया है। समीर वानखेड़े ने अदालत में शपथपत्र दिया कि वह शनिवार को सीबीआई के समक्ष पेश होंगे, जिसके बाद न्यायमूर्ति शर्मिला यू देशमुख और आरिफ एस डॉक्टर की अवकाशकालीन पीठ ने सीबीआई को 22 मई तक वानखेड़े के खिलाफ कोई भी कठोर कार्रवाई (जैसे उन्हें गिरफ्तार करना आदि) नहीं करने का निर्देश दिया. समीर वानखेड़े 2021 में एनसीबी में पदस्थ थे. अदालत में एक याचिका दायर कर, उन्होंने जबरन वसूली और रिश्वत के आरोपों को लेकर उनके खिलाफ दर्ज सीबीआई की प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध किया था।



सीबीआई ने कथित तौर पर साजिश रचने और रिश्वत से जुड़े अपराधों के अलावा जबरन वसूली के आरोप से जुड़ी एनसीबी की शिकायत पर वानखेड़े और चार अन्य के खिलाफ हाल में प्राथमिकी दर्ज की थी. आर्यन को तीन अक्टूबर 2021 को कॉर्डेलिया क्रूज जहाज पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया था. हालांकि, आर्यन पर लगे आरोपों को सही साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य पेश करने में मादक पदार्थ रोधी एजेंसी के नाकाम रहने पर बंबई उच्च न्यायालय ने तीन हफ्ते बाद जमानत दे दी थी।

## अमेरिका में आर्थिक मंदी की आहट

### मीडिया कंपनी वाइस दिवालिया हो गई

■ वाशिंगटन, एजेंसी।

आर्थिक संकट का असर अमेरिका में बैंकों के अलावा दूसरे क्षेत्रों भी दिखने लगा है। इसका ताजा प्रमाण मीडिया कंपनी वाइस द्वारा दिवालिया प्रक्रिया के लिए आवेदन करना है। ये आवेदन ऐसे समय पर किया गया है, जब अमेरिका में आर्थिक मंदी की आशंका व्यक्त की जा रही है।दिवालिया प्रक्रिया के आवेदन करने के कारण वाइस मीडिया के ऑपरेशन पर कोई प्रभाव नहीं होगा। इसके अलावा कंपनी के कारोबार में मीडिया ऐड एजेंसी वर्चू फिल्म डिवीजन प्लस और रिफाइनरी 29 शामिल हैं। वाइस के कर्जदाताओं में फोर्टेस इन्वेस्टमेंट ग्रुप और सोरोस फंड मैनेजमेंट का नाम शामिल है, जो कि कंपनी का अधिग्रहण करने की रेस में सबसे आगे हैं। ग्रुप की ओर से 225 मिलियन डॉलर की बोली जमा कराई गई है, इसमें कंपनी के मौजूद लोन भी शामिल है। वाइस मीडिया द्वारा की गई फाइलिंग के मुताबिक, कंपनी पर 834 मिलियन डॉलर का लोन बकाया है।वाइस मीडिया की ओर से 20 मिलियन डॉलर का लोन ऑपरेशन के लिए लिया गया है और अगर कोई इससे अच्छी बोली नहीं मिलती है।

## 2000 के नोट बंद होते ही बाजारों में हड़कंप

# दुकानों और पेट्रोल पंप पर नोट खपाने के लिए उमड़ी भीड़

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

2000 के नोट बैंकों को वापस किए जाने का सर्कुलर जारी होते ही शुक्रवार शाम से ही देशभर के बाजारों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया, इसका अधिकतर असर बड़े शहरों में देखने को मिला। आलम यह था कि हर दुकान पर 2000 के नोट खपाने के लिए लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। ये तादाद इतनी अधिक हो गई थी कि, परेशान व्यापारियों ने 2000 का नोट लेने से इंकार कर दिया। वहीं, कई बड़े कारोबारियों का करोड़ों का भुगतान रुक गया है। व्यापारियों का कहना है कि 2000 के नोट बंद होने के निर्णय के कारण एक बार फिर मंदी की मार झेलनी पड़ेगी। इससे बड़े कारोबारी अधिक प्रभावित होंगे। रिपोर्ट के अनुसार, देश की राजधानी दिल्ली के तमाम बाजारों में रात 8 बजे लोगों की भीड़ देखने को मिली। छ्रअ्ढ के चेयरमैन बृजेश गोयल ने जानकारी दी है कि 2000 रुपये के नोट वापसी की सूचना मिलते ही बाजारों में भीड़ बढ़ गई है, जिससे व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। कई व्यापारी तो शाम को भुगतान करने के लिए 2000 के नोट लेकर पहुंचे, जिसे देख बड़े व्यापारियों ने माल का पेमेंट लेने से मना कर दिया। इस फैसले से व्यापारी बहुत परेशान हैं। सबको मंदी का डर सता रहा है। वहीं, दिल्ली व्यापार महासंघ के प्रमुख देवराज बवेजा ने बताया कि कई व्यापारियों ने 2000 के नोट लेने से मना कर दिया है। इससे व्यापार पर बहुत प्रभाव पड़ेगा और इसकी चपेट में कारोबारी ही आएंगे। वहीं, 2000 रुपये के नोट की वापसी वाले RBI के ताजा सर्कुलर के आते ही बाजार में एक बार फिर से च्नोटबंदीज् की चर्चा गर्म हो गई। दिल्ली के पेट्रोल पंपों पर भी जो लोग अपनी गाड़ियों में ईंधन डलवाने आए उनमें से कितने ही लोग 2000 रुपये के नोट से पेमेंट करने का प्रयास कर रहे थे। दिल्ली के पेट्रोल पंप वालों का कहना है कि दिल्ली के कई पेट्रोल पंपों पर 2000 रुपए के नोट लिए जा रहे हैं।



## केंद्र ने अध्यादेश लाकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटा

**दिल्ली का मामला**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने 11 मई को आदेश दिया था कि अफसरों के ट्रांसफर और पोस्टिंग की पावर दिल्ली सरकार के पास रहेगी। केंद्र ने अध्यादेश के जरिए कोर्ट का फैसला पलट दिया है।केंद्र सरकार ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार के अधिकारों पर अध्यादेश जारी किया है। अध्यादेश के मुताबिक, दिल्ली में अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का आखिरी फैसला उपराज्यपाल का होगा। इसमें मुख्यमंत्री का कोई अधिकार नहीं होगा। केंद्र सरकार ने ये फैसला सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद किया है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 11 मई को आदेश दिया था कि अफसरों के ट्रांसफर और पोस्टिंग की पावर दिल्ली सरकार के पास रहेगी।

## चीन ने फिर किया दुस्साहस, कश्मीर को बताया विवादित क्षेत्र

# G20 बैठक में हिस्सा लेने से किया इनकार

■ बीजिंग, एजेंसी।

चीन ने भारत के आंतरिक मामलों में अपनी टांग अड़ाने की कोशिश एक बार फिर की है. चीन ने कहा कि वह जम्मू-कश्मीर में अगले हफ्ते होने वाली त्र20 टूरिज्म वर्किंग ग्रुप की बैठक में शामिल नहीं होगा. अपने तेवर से हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की खिलाफत और पाकिस्तान की तरफदारी करने वाले चीन ने यहां तक कहने का दुस्साहस किया कि वह एक 'विवादित' इलाके में ऐसी किसी भी बैठक के आयोजन का 'मजबूती से' विरोध करता है. भारत की अध्यक्षता में तीसरी त्र20 टूरिज्म वर्किंग ग्रुप की बैठक 22 से 24 मई तक जम्मू और कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में होने वाली है। एक नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन से जब पूछा गया कि क्या चीन भारतीय राज्य जम्मू और कश्मीर में आयोजित त्र20 बैठकों का बहिष्कार करने वाला है? तो उन्होंने कहा कि 'चीन विवादित क्षेत्र पर किसी भी प्रकार की जी20 बैठक आयोजित करने का दृढ़ता से विरोध करता है. हम इस तरह की बैठकों में शामिल नहीं होंगे.' संयोग से चीन पाकिस्तान का करीबी सहयोगी है. जबकि भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध पाकिस्तान से सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा मिलने के कारण लगातार असहज रहे हैं।




**यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें**

मो. 9407348995, 7999718732




## जीवन रक्षक दवाओं की भारी कमी सौ रुपए किलो बिक रहे आलू!

■ इंफाल एजेंसी।

मणिपुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का कहना है कि राज्य में जीवन रक्षक दवाओं की भारी कमी हो रही है और आने वाले दिनों में अगर सप्लाई नहीं हुई तो यह समस्या गंभीर हो सकती है। बता दें कि मणिपुर में बीते दिनों हुई हिंसा के चलते जगह जगह नेशनल हाइवे को ब्लॉक कर दिया गया है, जिसकी वजह से राज्य में जरूरी चीजों की सप्लाई नहीं हो पा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जीवन रक्षक दवाओं के अलावा मणिपुर में खाने-पीने की जरूरी चीजों की भी कमी हो रही है, जिसकी वजह से वहां दाम कई गुना बढ़ गए हैं। दरअसल कुकी जनजाति के लोगों ने कांगपोकपई जिले में नेशनल हाइवे 39 को ब्लॉक कर दिया है, जिसकी वजह से इंफाल दिमापुर रूट पर वाहनों की आवाजाही नहीं हो रही है। मणिपुर ड्रग एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि लोग घबराकर दवाएं खरीदकर अपने पास जमा कर रहे हैं, जिसकी वजह से जीवन रक्षक दवाओं के स्टॉक में तेजी से कमी आ रही है। जरूरी दवाओं को लेकर मणिपुर आ रहे 26 ट्रक मणिपुर के बॉर्डर पर और असम में फंसे हैं। उन्होंने कहा कि मणिपुर में बड़ी संख्या में लोग डायबिटिक, किडनी और हार्ट के मरीज हैं। ऐसे में लंबे समय तक दवाओं की कमी बीमार लोगों के लिए घातक साबित हो सकती है। मणिपुर में फलों और सब्जियों के दाम भी कई गुना बढ़ गए हैं।

**मणिपुर में हिंसा के बाद हाइवे बंद**

## धोनी की घर वापसी दिल्ली से ही होगी, टॉप-2 का फैसला भी होगा

# 66 मैच के बाद भी प्लेऑफ की तस्वीर साफ नहीं

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

आईपीएल 2023 में लीग स्टेज के 70 में से 66 मैच हो चुके हैं. पर अब तक प्लेऑफ की तस्वीर साफ नहीं हुई है. सिर्फ डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस ने ही टिकट कटाया है. तीन स्थान अभी भी खाली हैं और इसके लिए 6 टीमें रेस में बनी हुई है। चेन्नई सुपर किंग्स को इस बार खिताब का दावेदार माना जा रहा है. लेकिन, पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों घर में मिली हार ने महेंद्र सिंह धोनी की टीम की प्लेऑफ की उम्मीदों को करारा झटका दिया.। अब महेंद्र सिंह धोनी की घर वापसी दिल्ली से होगी. शनिवार को आईपीएल 2023 के पहले मैच में धोनी की सीएसके की टक्कर दिल्ली कैपिटल्स से होगी. दिल्ली के पास खोने को कुछ नहीं है. वो इस सीजन में प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम है. ऐसे में वो इस मैच को जीतकर अपनी साख बचाना चाहेगी. लेकिन, धोनी ऐसा नहीं होने देना चाहेंगे. क्योंकि इस एक मैच से टीम के प्लेऑफ का रास्ता तय होना है.



### चेन्नई को दिल्ली को हर हाल में हराना होगा

चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल 2023 के पॉइंट्स टेबल में फिलहाल, 15 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है. लखनऊ सुपर जायंट्स के भी चेन्नई के बराबर 15 अंक ही हैं. लेकिन, नेट रन रेट बेहतर होने के कारण धोनी की टीम दूसरे स्थान पर है. शनिवार को चेन्नई और लखनऊ दोनों को ही अपना आखिरी लीग मैच खेलना है. छ्रस्य्र को अगर प्लेऑफ में जगह बनानी है तो उसके लिए सीधा सा रास्ता यही है कि वो दिल्ली को हरा दे. दिल्ली कैपिटल्स पर जीत हासिल करने के बाद चेन्नई के 17 अंक हो जाएंगे और टीम प्लेऑफ का टिकट कटा लेगी.

### कौन पहुंच सकता है टॉप-2 में?

अगर शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स दोनों अपने-अपने आखिरी लीग मैच में जीत जाते हैं तो फिर दूसरे स्थान का फैसला नेट रन रेट से होगा. अगर सीएसके दस रन से मैच जीत जाती है।

### दिल्ली जीती तो फिर चेन्नई का क्या होगा?

अगर चेन्नई सुपर किंग्स ये मुकाबला हार जाती है तो फिर उसे आगे के सफर के लिए दूसरी टीमों के नतीजों के भरोसे बैठना होगा. तब चेन्नई सुपर किंग्स को ये दुआ करनी होगी कि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर या मुंबई इंडियंस में से कोई एक टीम अपना आखिरी लीग मैच हार जाए. अगर चेन्नई दिल्ली को हरा देती है और लखनऊ सुपर जायंट्स शनिवार को होने वाले दूसरे मैच में केकेआर से हार जाती है तो फिर धोनी की टीम चेन्नई में होने वाला क्वालिफायर-1 खेलेगी.

# किसानों पर दोहरी मार, पहले वर्षा से प्याज की फसल को नुकसान अब नहीं मिल रहे दाम

## पानी गिरने से खेतों में ही सड़ने लगी प्याज

**भोपाल, यशभारत। पिछले दिनों हुई बरसात और ओलावृष्टि से प्याज की फसल को भारी नुकसान हुआ है। किसानों को गेहूं के बाद अब प्याज भी रुला रहा है। वर्षा ऐसे समय हुई जब प्याज की फसल तैयार थी लेकिन खेतों से निकाली नहीं जा सकी थी। पानी गिरने से खेतों में ही प्याज सड़ने लगा था। एक ओर तो आधी फसल खराब हो गई दूसरी ओर अब शेष फसल को जब मंडी में बेचने जा रहे हैं तो उसके दाम नहीं मिल रहे।**



किसान नेताओं ने आरोप लगाया है कि नुकसान का सर्वे वानिकी विभाग ने कर लिया लेकिन सरकार सर्वे रिपोर्ट को मंजूरी नहीं दे रही। इंदौर की थोक मंडी में बिकने के लिए आ रहे प्याज में 80 फीसद तक हल्की और पानी लगी क्वालिटी के प्याज हैं। ऐसे में इन प्याज को खरीदार नहीं मिल रहे हैं। दाम भी 1.50 रुपये से 5 रुपये किलो के बीच ज्यादातर प्याज थोक में बिक रहा है। बीते दिनों संयुक्त किसान मोर्चा ने गत दिनों मध्य प्रदेश सरकार से मांग की थी कि वह तत्काल फसलों का सर्वे कराकर किसानों को आरबीसी 6 /4 के तहत मुआवजे का वितरण करें।

संयुक्त किसान मोर्चा के रामस्वरूप मंत्री, बबलू जाधव के अनुसार जिन किसानों ने प्याज की बोवनी की थी उनका प्याज खेतों में ही सड़ गया है। पहले अतिवृष्टि से गेहूं का भाव नहीं मिला था और अब प्याज कोड़ियों के मोल बिक रहा है। व्यापारी कह रहे हैं कि पानी लगा प्याज संग्रहण के लायक नहीं है ऐसे में व खरीदने से बच रहा है। इंदौर जिले मैं करीब 13000 हेक्टेयर से ज्यादा में प्याज की फसल बोई गई थी जिसमें से अधिकांश फसल खराब हो गई है।

उद्यानिकी विभाग के उप संचालक भी मान रहे हैं कि जिले में 993 हेक्टेयर फसल खराब हुई है, जिसकी रिपोर्ट सरकार को भेजी गई है। हालांकि सर्वे के आधार पर आज तक सरकार ने मुआवजे की घोषणा नहीं की। संयुक्त किसान मोर्चा ने आरोप लगाया कि सरकार सर्वे रिपोर्ट को अनदेखा कर किसान के नुकसान से आंखे मूंद रही है। संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने मांग की है कि यदि किसानों को जल्द मुआवजा नहीं दिया गया तो मोर्चा अब विरोध आंदोलन करेगा।

# हेमा के सरपरस्त इंजीनियर जनार्दन का ऐसा रसूख कि चार बार बुलाने के बाद भी मूल विभाग में वापस नहीं गया

■ भोपाल, यशभारत।

हेमा मीणा के मामले में गुरुवार को एक नया मोड़ आया। पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के इंजीनियर जनार्दन सिंह को गुरुवार को गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के निर्देश के बाद निलंबित कर दिया गया। उनके निलंबन का कारण आय से अधिक संपत्ति के मामले में बर्खास्त की गई हेमा मीणा पर प्रभारी पर्यवेक्षण नहीं करना बताया गया है। निलंबित होने के बाद भी जर्नादन सिंह दोपहर में अपने कार्यालय में दरवाजा बंद कर फाइलें निपटाता नजर आया। इसके बाद उसे किसी ने रोकने की कोशिश नहीं की। जब जनार्दन सिंह से बात की गई तो उसने कहा कि इस मामले में दो दिन बाद बात करूंगा।



जर्नादन सिंह को कारपोरेशन में सबसे ताकतवर अधिकारियों में जाना जाता था। रसूख ऐसा कि 16 साल में मूल विभाग लोक निर्माण ने चार बार पत्र लिखकर वापस बुलाया, लेकिन वह जोड़-तोड़ कर यहीं पर डटा रहा। कारपोरेशन में उसका प्रबंधन ऐसा था कि विभाग का कैसा भी काम हो, उसकी जानकारी के बिना नहीं किया जाता था।

### हेमा मीणा को जनार्दन का संरक्षण

आय से अधिक संपत्ति के मामले पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन से बर्खास्त प्रभारी सहायक इंजीनियर हेमा मीणा का संरक्षक जनार्दन सिंह को माना जाता था। उसकी ही छत्रछाया में वह 10 साल में इतनी काली कमाई की मालकिन हो गई कि लोकायुक्त को उनके फार्म पर छापामार कार्रवाई करनी पडी। 30 हजार वेतन पाने वाली संविदा पर पदस्थ इंजीनियर के यहां से 30 लाख की टीवी और सात करोड़ की संपत्ति अब तक मिली है। इसके अलावा अभी बैंक खातों की जांच चल रही है। वेयरहाउस होने की बात भी सामने आई है।

### 2007 में आया, उसके बाद वापस नहीं गया

पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन में जनार्दन सिंह सहायक इंजीनियर के रूप में लोक निर्माण विभाग से 2007 में प्रतिनियुक्ति पर आया था। इसके बाद से वह अपने मूल विभाग में वापस नहीं गया, जबकि लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता आरके मेहरा पत्र ने कई पत्र लिखे और रिमांइडर भी भेजे। पहले तो चिट्ठी पर कोई जवाब नहीं दिया गया। बाद में पूर्व प्रबंध संचालक ने उसे मूल विभाग में वापस भेजने के पीछे तर्क दिया कि उसके पास गुणात्मक प्रोजेक्ट हैं, इस कारण उनका कार्य प्रभावित होगा। इसलिए उनके मूल विभाग में नहीं भेजा जा सकता है।

### इनका कहना

निलंबन के आदेश के बाद भी इंजीनियर जनार्दन सिंह आफिस में काम करते रहे, इस बारे में जानकारी नहीं है। अगर ऐसा किया है तो दिखवाते हैं।



# 60 किमी की रफ्तार से चलेगी हवा

## मध्य प्रदेश में एक्टिव हुए दो नए सिस्टम

**भोपाल, यशभारत ।** मध्य प्रदेश में इस बार नौतपा में पड़ने वाली गर्मी से लोगों को राहत मिलेगी. बारिश के दो नए सिस्टम के सक्रिय होने से इस बार शुरुआती दिनों में बारिश देखने को मिल सकती है. मौसम विभाग के अनुसार आने वाले एक-दो दिन तक कई शहरों में 60 किमी की रफ्तार से हवा चलने के साथ ही बारिश भी होगी. वहीं नमी के चलते लोकल सिस्टम भी बन रहा है. मई के आखिर तक मौसम के ऐसे ही बने रहने के आसार है.प्रदेश में 25 मई से नौतपा की शुरुआत हो रही है, ऐसे में मौसम विभाग ने बारिश को लेकर पहले ही चेतावनी दे दी है. विभाग ने बारिश सागर और रीवा संभाग में बारिश की संभावना जताई है. इसके अलावा टीकमगढ़, निवाड़ी और छतरपुर के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है. पश्चिमी विक्षोभ का असर इतने लंबे समय तक रहने के पीछे भी मौसम विभाग ने कारण बताया है.

### इन जिलों में होगी बरसात

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय रहने से राजधानी भोपाल सहित सीहोर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, जबलपुर, दतिया, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, सागर, सीधी, सिंगरौली, दमोह, नरसिंहपुर और कटनी में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के साथ हल्की बरसात का दौर भी देखने को मिल सकता है. बारिश से तापमान में दो से तीन डिग्री तक की गिरावट देखी जा सकती है.

### ये जिले सबसे ज्यादा तपे

जहां एक ओर प्रदेश में नौतपा से पहले बारिश के आसार बन रहे हैं, वहीं कुछ जिलों में तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है. टीकमगढ़ इस बार प्रदेश में सबसे ज्यादा तपा, जहां तापमान अपने इस बार के अधिकतम स्तर 44 डिग्री पर पहुंच गया. इसके अलावा खजुराहो में 42.6, उमरीया में 42 डिग्री ।

# मप्र सहकारी दुग्ध महासंघ में मोटी हो रही घोटालों की फाइलें, तब भी एमडी नहीं करते कार्रवाई

■ भोपाल, यशभारत।

मप्र राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ (एमपीसीडीएफ) जैसे जिस संस्थान में दूध का दूध और पानी का पानी होना चाहिए, वहीं घोटालों की फाइलें मोटी होती जा रही है। एमपीसीडीएफ भर्ती घोटाला हो या मक्खन घोटाला, दूध पाउडर घोटाला, ठेका श्रमिक उपस्थिति घोटाला, इन सब मामलों में प्रबंधक संचालक (एमपीसीडीएफ) तरुण राठी किसी भी जिम्मेदार पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। यह स्थिति तब है, जब सबकुछ सामने हैं। एमपीसीडीएफ के एमडी तरुण राठी छह दुग्ध संघों का प्रतिनिधित्व करते हैं। भोपाल दुग्ध संघ, इन्हीं में से एक है।



20 करोड़ के मक्खन को पचा गए, कार्रवाई नहीं कर रहे जिम्मेदार

भोपाल दुग्ध संघ ने महाराष्ट्र के सोनाई इंदापुर निजी डेयरी से 400 मीट्रिक टन मक्खन खरीदा हैं, जो कि ई-टेंडर से भी बाहर थी। दुग्ध संघ निजी संस्थानों से इस तरह के दुग्ध उत्पाद नहीं खरीद सकता। तब भी यह खरीदी की गई है। नियम है कि दुग्ध संघ इस तरह की खरीदी सहकारी संस्थाओं के माध्यम से ही कर सकती है। जिस डेयरी से मक्खन खरीदा गया है, उसका लाइसेंस व्यावसायिक एवं निजी प्रयोग का होना बताया गया है। नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड ने भी सोनाई डेयरी इंदापुर से दुग्ध उत्पाद खरीदने पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। 400 मीट्रिक टन मक्खन की कीमत 20 करोड़ रुपये बताई जा रही है। एमडी इसलिए जिम्मेदारः- एमडी केवल नोटिस-नोटिस खेल रहे हैं। उन्होंने संघ के प्रभारी सीईओ आरपीएस तिवारी व अन्य को नोटिस दिया था, लेकिन इसके बाद कोई कार्रवाई नहीं की गई। जबकि एमडी को उक्त मामले में कड़ी कार्रवाई करनी थी।

# समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के लिए पंजीयन की तारीख 31 मई तक बढ़ी

■ भोपाल, यशभारत।

प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में ग्रीष्मकालीन मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए पंजीयन की अवधि को बढ़ा दिया है। अब किसान 31 मई तक इसके लिए पंजीयन करा सकेंगे। पहले यह तारीख 19 मई तय की गई थी। गौरतलब है कि विपणन वर्ष 2023-24 में ग्रीष्मकालीन मूंग की खरीदी के लिए पंजीयन प्रक्रिया 08 जून से शुरू हो चुकी है। ग्रीष्मकालीन मूंग उत्पादक किसान इसके लिए पंजीयन करवा सकते हैं। मध्य प्रदेश सरकार विगत दो वर्षों से समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग की खरीदी कर रही है। पिछ्ले साल मॉर्केट में ग्रीष्मकालीन मूंग की बिक्री लगभग 4 हजार रूपये प्रति क्विंटल हो रही थी। वहीं सरकार ने समर्थन मूल्य पर 7 हजार 225 रूपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की थी। प्रदेश के मूंग के अधिक उत्पादन वाले 32 जिलों में पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं। इंदौर सहित नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, रायसेन, हरदा, सीहोर, जबलपुर, देवास, सागर, गुना, खंडवा, खरगोन, कटनी, दमोह, विदिशा, बड़वानी, मुरैना, बैतूल, श्योपुरकलां, भिंड, भोपाल, सिवनी, छिंदवाड़ा, बुरहानपुर, छतरपुर, उमरिया, धार, राजगढ़, मंडला, शिवपुरी, अशोकनगर, बालाघाट में पंजीयन केन्द्र खोले गए हैं।



## डाक्टर के घर नौकरानी ने की चोरी

# इंटरनेट मीडिया पर चुराए जेवर पहनकर पोस्ट की फोटो तो पकड़ी गई

■ भोपाल, यशभारत।

टीटीनगर के निशांत इंक्लेव में रहने वाले डाक्टर के घर में काम करने वाली नौकरानी ने जेवर चुरा लिए। 10 साल से वह उनके घर पर काम कर रही थी, लेकिन 15-20 दिन पहले काम छोड़ गई थी। मंगलवार को डाक्टर की पत्नी ने पहनने के लिए अलमारी जेवर में देखे तो गायब मिले। कुछ दिन पहले ही नौकरानी के पति ने इंटरनेट मीडिया के माध्यम फेसबुक पर फोटो अपलोड की थी, जिसमें वह चोरी के टाप्स पहने थी। इस पर डाक्टर ने थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपित महिला को गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस के मुताबिक निशात भूपेन्द्र श्रीवास्तव (60) ने घर में काम करने वाली नौकरानी के खिलाफ चोरी मामला दर्ज कराया। डॉ. भूपेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि उनके घर में रहकर पिछले 10 साल से दो नौकरानी तनु और सुनंदा काम कर रही थी। दोनों शाहजनाबाद की रहने वाली हैं और रिश्ते में बहन हैं। शादी के बाद एक कोलार, जबकि दूसरी नारियलखेड़ा चली गई। इसके बाद भी वह काम करती रहीं। अचानक से 20 दिन पहले काम छोड़कर चली गई। मंगलवार को डाक्टर की पत्नी ने जेवर निकालने के लिए अलमारी खोली, तो सोने का हार, कड़े, कान के टाप्स, पैंडल गायब थे। पत्नी का ध्यान सुनंदा के पति अमित बैगी की फेसबुक प्रोफाइल पर गया, जिसमें सुनंदा उनके टाप्स पहने थी।

# फूफा करता था नाबालिग से ज्यादती, बुआ ने देह व्यापार में धकेला

■ भोपाल, यशभारत।

निशातपुरा थाना पुलिस ने एक 20 वर्षीय विवाहित युवती की शिकायत पर उसके फूफा के खिलाफ दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। युवती का आरोप है कि 13 वर्ष की उम्र में उसकी बुआ-फूफा ने उसे देह व्यापार में धकेल दिया था। इतना ही नहीं, उसका फूफा भी उसके साथ गंदा काम करता था। पुलिस ने इस मामले में युवती की बुआ को भी सह-आरोपित बनाते हुए दोनों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।निशातपुरा थाना पुलिस के मुताबिक हाल ही में तबीयत खराब होने पर विवाहित युवती सूखी सेवनिया क्षेत्र में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती हुई थी। उसके रक्त में हीमोग्लोबिन का स्तर काफी कम था। जांच के दौरान युवती ने डाक्टर को बताया गया कि 13 वर्ष की उम्र में उसके फूफा ने उसके साथ ज्यादती की थी। उसके बाद बुआ उससे देह व्यापार करवाने लगी थी।

# कलेक्टर के निर्देश के बावजूद आरा मशीन संचालाकों ने नहीं शुरू की शिफ्टिंग

■ भोपाल, यशभारत।

मेट्रो परियोजना की राह में बाधक शहर के बीचोंबीच स्थित लगभग 170 आरा मशीनों को शिफ्ट करने का काम अब तक शुरू नहीं हो सका है। कलेक्टर के निर्देश के बाद भी आरा मशीन संचालकों ने शिफ्टिंग का काम शुरू नहीं किया है। जबकि 16 दिन पहले कलेक्टर आशीष सिंह ने एक बैठक में सभी संचालकों से दोटूक कहा था कि वह दो महीने के भीतर खुद-ब-खुद शिफ्टिंग शुरू कर दें, लेकिन कोई असर नहीं दिख रहा है। वहीं कलेक्टर के निर्देश पर ही नगर निगम आयुक्त केवीएस चौधरी ने भी संचालकों को नोटिस जारी कर दिए हैं।



बैठक और निरीक्षण हुए, लेकिन नहीं बन रही बातकलेक्टर ने 2 मई को सभी आरा मशीन संचालको के साथ बैठक ली थी, इसके बाद अगरिया छापर पहुंचकर निरीक्षण भी किया था। इस पर संचालकों ने कहा था कि यहां पर फर्नीचर कलस्टर ही नहीं आ रहा है तो हम आकर क्या करेंगे। उनका कहना है कि जगह काफी दूर होने से हमारे धंधे पर असर होगा, सुविधाएं भी नहीं है। इसके बाद एक तरह से शिफ्टिंग का काम अटक गया है। अब जिला प्रशासन द्वारा फिर से बैठक बुलाने की तैयारी की जा रही है।

आरा मशीन संचालकों को दो महीने का समय दिया गया है। उनको नोटिस भी भेजे गए हैं। इसके बाद भी उन्होंने शिफ्टिंग का काम शुरू नहीं किया है। एक बार फिर से उनके साथ बैठक कर चर्चा की जाएगी।

- आशीष सिंह, कलेक्टर, भोपाल

# एमपी नगर में होटल, बैंक और कोचिंग संस्थानों की पार्किंग से फुटपाथ के साथ आधी सड़क भी हो जाती है गायब

■ भोपाल, यशभारत।

महाराणा प्रताप नगर...समय सुबह 10 बजे फुटपाथ बिल्कुल खाली, सड़कें भी चौड़ी दिखाई दे रही हैं। 11 बजते-बजते बैंक, कोचिंग संस्थान समेत अन्य दुकानें और कार्यालय खुलना शुरू होते हैं। फुटपाथ पर जगह दिखना बंद हो जाती है। एक घंटे पहले जो लोग सड़क किनारे चल रहे थे, वे अब सड़क के बीचोंबीच दिखाई देने लगते हैं। कुछ ही घंटों में सड़कों पर वाहन खड़े हो जाते हैं तो ठेले-गुमठियां व मोबाइल एसेसरीज समेत अन्य दुकानें खुल जाती हैं। ये नजारा यहां पर रोज दिखता है, कारण है अवैध पार्किंग और फुटपाथ पर कब्जा।



ज्योति टाकीज चौराहे से मिलन रेस्टोरेंट जाने वाले मार्ग के दोनों ओर कुछ वर्ष पहले तक फुटपाथ थे लेकिन अब यहां केवल मुख्य मार्ग के किनारे ही फुटपाथ बचा है। वहां पर भी शाम होते ही ठेले-गुमठियों का कब्जा हो जाता है। इसके आगे जाएं तो पंजाब बूट हाउस के सामने वाली लाइन में मेट्रो परियोजना और स्मार्ट सिटी द्वारा बनाए हट से फुटपाथ पूरी तरह खत्म हो चुका है। इधर थद्दाराम काम्पलेक्स से एमपी जोन वन तक शराब दुकान से लेकर एक दर्जन से अधिक बड़े होटल, बैंक और कोचिंग संस्थान हैं। इनके बेसमेंट में पार्किंग नहीं होने से यहां आने वाले लोग फुटपाथ पर ही दो और चार पहिया वाहन पार्क करते हैं।

कहने को तो एमपी नगर जोन वन में ज्योति टाकीज के पास पुलिस चौकी है। यहां दिन में चार से छह बार ट्रैफिक पुलिस की क्रेन सड़क और फुटपाथ पर खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करती है पर इसमें भी भेदभाव होता है। दरअसल पुलिस आम आदमी के वाहन उठा लेती है, कुछ ठेले गुमठियां भी हटा देती है लेकिन बड़े व्यवसायिक संस्थानों के सामने से अतिक्रमण और पार्किंग में खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत ट्रैफिक पुलिस के जवान भी नहीं जुटा पाते हैं।

फुटपाथ पर कब्जे से बेखबर अतिक्रमण अमला

नगर निगम का अतिक्रमण अमला प्रतिदिन शहर में सार्वजनिक स्थलों से कब्जे हटाने का काम करता है लेकिन एमपी नगर जैसे व्यसायिक क्षेत्रों का अतिक्रमण इनको नहीं दिखता है। फुटपाथ और सड़कों के किनारे हुए इस अतिक्रमण से नगर निगम के अधिकारी और अतिक्रमण अमला भी बेखबर है। इसका फायदा आसपास के दुकानदार और ठेले-गुमठी वाले उठाते हैं और शाम ढलते ही फुटपाथ पर व्यापार शुरू कर देते हैं।

# आठ दिन में सीएम हेल्पलाइन के सिर्फ ढाई हजार प्रकरणों का हुआ निराकरण

भोपाल ईएमएस। आमजन को शासन की योजनाओं का लाभ देने और उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के लिए मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान का दूसरा चरण 10 मई से शुरू किया गया है। यह अभियान 31 मई तक चलेगा। अभियान को शुरू हुए आठ दिन बीत चुके हैं, इसके तहत अभी तक मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के सिर्फ ढाई हजार आवेदनों का ही निराकरण किया गया है। यह हाल तब है, जब कलेक्टर आशीष सिंह ने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शासन की योजना से कोई भी पात्र हितग्राही नही छूटना चाहिए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के प्रकरणों को विभाग कार्यालय में कैंप लगाकर प्रकरणों को संतुष्टि के साथ निराकृत किया जाए।जिले में 15 अप्रैल तक 16 हजार मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के आवेदन लंबित थे। जिनमें से ढाई हजार का निराकरण करने के बाद अब भी 13 हजार 500 लंबित हैं।

# व्यापारी ने घायल को सड़क से उठाया, भीड़ ने कर दी कार में तोड़फोड़, पुलिस ने केस बना दिया

■ भोपाल, यशभारत।

च्होम करने में हाथ जलेज् की तर्ज पर एक व्यापारी को सड़क पर घायल होकर तड़प रहे युवक की मदद करना महंगा पड़ गया। युवक के स्वजन ने कार से टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए व्यापारी से मारपीट की और उसकी कार में तोड़फोड़ भी कर दी। पुलिस ने भी बिना जांच-पड़ताल के किए व्यापारी के खिलाफ ही मुकदमा भी दर्ज कर कार जब्त कर ली। घटना कोहेफिजा थाना इलाके में हुई। उधर अस्पताल में भर्ती घायल युवक की बुधवार को मौत हो गई। इस मामले में शिकायत और तथ्य सामने आने के बाद पुलिस आयुक्त ने जांच के आदेश दिए हैं।कोहेफिजा थाना पुलिस के मुताबिक मदर इंडिया कालोनी निवासी 40 वर्षीय जावेद पुत्र रहीम खान आटो चालक था। 14 मई की रात को वह टीला जमालपुरा में आटो मालिक के घर खड़ाकर घर लौट रहा था। रात करीब 10˜30 बजे वह ई-रिक्शा से कलेक्टर कार्यालय के सामने उतरा और घर जाने के लिए बीआरटीएस कारीडोर पार करने लगा।



इस दौरान किसी कार ने जावेद को टक्कर मार दी। हादसे का पता चलते ही जावेद के स्वजन और पड़ोसी मौके पर इकट्ठे हो गए। उन्होंने कार रोक ली और उसी से जावेद को हमीदिया अस्पताल ले गए। भीड़ बढ़ने पर चालक कार हमीदिया अस्पताल में छोड़कर चला गया। पुलिस ने कार क्रमांक एमपी 07 सीएच 6544 जब्त कर उसके चालक के खिलाफ दुर्घटना का केस दर्ज कर लिया था। उधर उपचार के दौरान बुधवार दोपहर को जावेद की मौत हो गई।जस कार के खिलाफ पुलिस ने जावेद को टक्कर मारने का केस दर्ज किया है, उसके मालिक इंद्रविहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड निवासी जितेंद्र रंगवानी हैं। वाहन फायनेंस का काम करने वाले जितेंद्र उस दिन का मंजर याद करके सिहर जाते हैं। उन्होंने बताया कि रात करीब 10˜30 बजे कलेक्टर कार्यालय के सामने कारीडोर में काफी भीड़ लगी हुई थी। उन्होंने मदद करने की मंशा से कार सड़क किनारे रोकी और मौके पर पहुंचे। वहां देखा कि स्कूटर से गिरकर तीन नाबालिग घायल हो गए थे। भीड़ उन्हें घेरे खड़ी थी। मदद करने के लिए वह आगे बढ़े तो पता चला कि स्कूटर से किसी युवक को टक्कर लगी थी। वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर पड़ा था।

# पिछले डेढ साल की मेहनत का फल मिला : प्रणॉय

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय बैडमिंटन टीम के खिलाड़ी एच.एस प्रणॉय का लक्ष्य अब विश्व का नंबर एक खिलाड़ी बनना है। अभी वह विश्व में सातवे नंबर पर हैं। थॉमस कप जीतने के साथ से ही उन्होंने कई बड़े टूर्नामेंट भी जीत हैं। इस कारण वह यहां तक पहुंचे हैं। उनके लिए पिछला साल काफी अच्छा बीता और



इस साल भी उन्हें अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। इस खिलाड़ी के लिए पिछले कुछ साल कठिन रहे थे। इस खिलाड़ी ने कहा कि साल में 2021-22 में मेरी रैंकिंग 32-33 तक चली गई थी। वहां से शीर्ष-10 में आना काफी मुश्किल था। मैंने पिछले डेढ साल में काफी मेहनत की जिसका मुझे ये फल मिला। करियर में बहुत सारे मोड़ आये हुए हैं। पिछले साल थॉमस कप भी करियर का एक बड़ा टर्निंग अंक था। टीम के लिए भी और निजी तौर पर मेरे लिए भी। थॉमस कप जीतने के बाद काफी आत्मविश्वास मिला था। इसके बाद बाकी जो टूर्नामेंट मिले उसमें काफी अच्छा परफॉर्म कर पाया। इससे यह पता चलता है कि पिछले साल मेरे खेल में काफी निरंतरता थी। इस टूर्नामेंट से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा और मेहनत जारी रखने का साहस मिला। पिछले साल थॉमस कप और एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिप में हमने अच्छा परफॉर्म किया है।

# महाकोशल कीड़ा परिषद ने दिया पहलवानों को समर्थन



**जबलपुर, यशभारत।** महाकोशल कीड़ा परिषद के संस्थापक डॉ प्रशांत मिश्रा ने जंतर मंतर दिल्ली में पहलवानों के द्वारा विगत 27 दिनों से चल रहे धरने में पहुंचकर महाकोशल क्रीड़ा परिषद की ओर से समस्त मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों का समर्थन दिया एवं धरना स्थल पर उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित किया।द्ध इस अवसर पर भारतीय हॉकी के सितारे सरदार परगट सिंह, बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट सहित देशभर के विभिन्न खिलाड़ियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के बाद टीम इंडिया जून में खेलेगी ये सीरीज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी इस वक्त आईपीएल खेलने में व्यस्त हैं, लेकिन अब इंडियन प्रीमियर लीग अपने आखिरी पड़ाव पर है। आईपीएल लीग चरण के अब केवल चार से पांच मैच बचे हैं, इसके बाद क्वालीफायर और एलिमिनेटर खेले जाएंगे। 28 मई को आईपीएल का फाइनल होगा और इसी दिन पता चला जाएगा कि आईपीएल की इस साल की चैंपियन टीम कौन सी होगी। इसके बाद सात जून से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेला जाएगा, जिसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें इंग्लैंड के द ओवल में आमने सामने होंगी। ये मैच 11 जून को खत्म हो जाएगा। अगर बारिश ने व्यवधान डाला तो मैच 12 जून को भी हो सकता है। इसके बाद टीम इंडिया क्या करेगी। हालांकि अभी तक का जो शेड्यूल है, उसके अनुसार भारतीय टीम जुलाई में वेस्टइंडीज के दौरे पर जाएगी, उसमें अभी देरी है, इस बीच खबर है कि



भारतीय टीम जून में ही एक और सीरीज खेलेगी। हालांकि अभी तक इसका शेड्यूल तो नहीं आया है, लेकिन संभावित तारीखें जरूर सामने आई हैं।

### भारत बनाम अफगानिस्तान सीरीज में टीम इंडिया के बड़े प्लेयर्स को मिल सकता है आराम

इस बीच सीरीज के लिए टीम इंडिया की बात की जाए तो इसमें कुछ सीनियर प्लेयर्स को रेस्ट दिया जा सकता है। क्योंकि भारत के लगभग सभी बड़े खिलाड़ी अभी आईपीएल खेल रहे हैं और उसी में से 15 खिलाड़ी डब्ल्यूटीसी का फाइनल खेलेंगे। ऐसे में हो सकता कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी इसमें रेस्ट करें और आईपीएल के इस सीजन में जिन प्लेयर्स ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया है, उन्हें सीरीज के लिए मौका दिया जाए। जिसमें यशस्वी जायसवाल और रिंकू सिंह के नाम प्रमुख हो सकते हैं। हालांकि अभी भारत बनाम अफगानिस्तान सीरीज शुरुआती स्तर पर है और बहुत सारे ऐलान किए जाने बाकी हैं।

### डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद टीम इंडिया अफगानिस्तान से खेल सकती है तीन मैचों की वनडे सीरीज

डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद भारतीय टीम जून में ही अफगानिस्तान से वनडे सीरीज खेलने की प्लानिंग कर रही है। बताया जाता है कि सीरीज के लिए बीसीसीआई और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड तैयार हो गए हैं, जल्द ही इसकी तारीखों का ऐलान किया जा सकता है। इसी साल अक्टूबर से लेकर नवंबर तक भारत में ही वन डे विश्व कप खेला जाएगा, इसको ध्यान में रखते हुए सीरीज तय की गई है। सीरीज भारत में ही खेली जाएगी और इसमें तीन वनडे मुकाबले होने की बात सामने आ रही है। इससे जहां अफगानिस्तान के प्लेयर्स को भारत में खेलने का मौका मिलेगा, वहीं टीम इंडिया के प्लेयर्स के लिए प्रैक्टिस का अच्छा मौका होगा। खास बात ये भी है कि आईसीसी के फ्यूचर टूर प्रोग्राम में इस सीरीज का कहीं भी जिक्र नहीं किया गया है। पता चला है कि भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज 16 जून से शुरू हो सकती है, यानी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के करीब चार से पांच दिन बाद। हालांकि इसमें बदलाव की भी संभावना कहीं न कहीं बनी हुई है, लेकिन इतना तय है कि जून के आखिर तक ही ये सीरीज खत्म हो जाएगी। अभी ये साफ नहीं है कि इस सीरीज के मैच भारत में किस चैनल पर दिखाए जाएंगे, लेकिन पता चला है कि शेड्यूल तय होते ही बीसीसीआई की ओर से इस बारे में ऐलान किया जा सकता है।

# नेवी ने स्टोर्स की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया

### ओएफके ओलंपिक ग्राउंड में जारी24 वी कॉ.रजक स्मृति क्रिकेट स्पर्धा



**जबलपुर यशभारत** ।ओएफके के ओलंपिक ग्राउंड में स्व. कामरेड राम शंकर रजक स्मृति ,में चल रहे रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में अंतर अनुभागीय सेमीफाइनल मुकाबले में नेवी ने आखिरी ओवर में 1 गेंद में 2 रन बनाकर जीत हांसिल कर फाइनल में प्रवेश कर लिया ।नेवी की टीम ने पहली पारी खेलते हुए स्टोर्स की टीम ने 64 रन का लक्ष्य 10 ओवर में दिया था। जबाबी पारी में , कमाण्डर चंद्रा की अगुआई में नेवी की टीम 10 ओवर में आखिरी बॉल में 2 रन से जीत कर फायनल के पायदान में पहुंच गई और स्टोर्स की पूर्व विजयी टीम को शिकस्त मिली । बड़े ही रोचक रहे मुकाबले में लेफ्टिनेंट कमांडर चंद्रा फिर मैच के हीरो रहे। उन्हेंमेन ऑफ द मैच घोषित किया गया। स्पर्धा में मुख्य अतिथि दिनेश नामदेव एवं श्रीमती आरती नामदेव रहे ।आयोजन को सफल बनाने में कृष्णा बृजेश कुमार अनूप एवं अर्नव के साथ रिंकु विनय नरेंद्र का सहयोग रहा। निर्णायक की भूमिका में संदीप एवम विकाश सिंह रहे। स्कोरर सरफराज जी एवम उद्घघोसक सर गजेंद्र पाल जी रहे। खेल समिति के प्रमुख सुरेश कन्ना ,प्रदीप गुप्ता ,हरीश चौबे ,सुकेश दुबे आदि लोग की गरिमामयी उपस्थित रही।

# उमरान मलिक प्लेइंग 11 से क्यों हुए बाहर, कप्तान एडेन मार्करम का सनसनीखेज खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2023 का 65वां मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया। इस मुकाबले में सनराइजकर्स हैदराबाद को हार का सामना करना पड़ा। इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाड़ी उमरान मलिक प्लेइंग 11 का हिस्सा नहीं थे। उमरान के न होने से हैदराबाद की टीम को नुकसान हुआ है। टॉस के वक्त प्लेइंग 11 में उमरान के न होने पर जब टीम के कप्तान एडेन मार्करम से सवाल किया गया तो उन्होंने एक ऐसा बयान दे दिया जिससे मानो हड़कंप सा मच गया हो। मार्करम ने साफ कहा कि उन्हें कुछ भी नहीं पता है कि वह क्यों नहीं खेल रहे हैं।

### मार्करम का चौकाने वाला बयान

सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज उमरान मलिक लंबे समय से प्लेइंग 11 से बाहर चल रहे हैं। उन्होंने अपना अंतिम मुकाबला 29 अप्रैल को ही खेला था। उमरान मलिक को लेकर एडेन मार्करम ने कहा कि मार्करम मुझे ज्यादा कुछ नहीं पात, लेकिन निश्चित रूप से उमरान एक्स फैक्टर वाले खिलाड़ी हैं, वह 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं, लेकिन मुझे वास्तव में नहीं पता कि पर्दे के पीछे क्या हो रहा है, लेकिन उसके पास



बहुत सारे एक्स फैक्टर हैं। मार्करम के इस बयान के बाद टीम मैनेजमेंट को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। ऐसा लगता है कि कप्तान प्लेइंग 11 का चुनाव करने के लिए खुद फैसले नहीं ले पा रहे हैं। इसका असल टीम के प्रदर्शन पर भी साफ नजर आ रहा है। 2016 की चैंपियन टीम लगातार खराब प्रदर्शन कर रही है।

### मैच के बाद भी खुश नहीं थे मार्करन

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ खेले गए मैच में मिली हार के बाद भी कप्तान मार्करम खुश नहीं थे। उन्होंने मैच खत्म होने के बाद कहा कि उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन मौकों का पूरा फायदा नहीं उठा पाए। मार्कराम ने मैच के बाद कहा कि मुझे लगता कि हमने काफी अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन मौकों का पूरा फायदा नहीं उठा पाए। शायद पावरप्ले में कुछ कमी रह गई हो। मार्कराम ने कहा कि वह निराश हैं कि शतक लगाने वाले क्लासेन के लिए उनकी टीम मैच नहीं जीत सकी। उन्होंने कहा कि हेनरिक के लिए मैच नहीं जीत पाए जिन्होंने आज शानदार बल्लेबाजी की।

### विराट कोहली और फाफ को लेकर कही ये बात

सनराइजर्स के कप्तान ने कहा कि कोहली और डुप्लेसी की साझेदारी ने मैच उनकी पहुंच से दूर कर दिया। उन्होंने कहा, ''फाफ और कोहली ने मैच में हमारी उम्मीदें खत्म कर दी। मार्करम ने सीजन के अपने अंतिम घरेलू मैच के लिए स्टेडियम में पहुंचे फैंस की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि समर्थन ना केवल हमारे लिए बल्कि आरसीबी के लिए भी बहुत अच्छा था। अफसोस है कि हम उन्हें जीत नहीं दिला सके। लेकिन उनका धन्यवाद।

## रंग संसार

# वरुण धवन कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स में बिजी

**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म निर्माता मुराद खेतानी की अगली फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी एटली कुमार को सौंपी गई है जो इन दिनों शाहरुख खान की फिल्म जवान को पूरा करने में लगे हुए हैं। वरुण धवन इन दिनों कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स में बिजी हैं। फिल्म स्टार इंडस्ट्री के कुछ बेहतरीन स्टार और निर्देशकों संग काम कर रहे हैं। एक्टर की अगली फिल्म को लेकर भी एक दिलचस्प जानकारी हाथ लगी है। रिपोटर्स की मानें तो फिल्म स्टार वरुण धवन ने अपनी अगली फिल्म के लिए शाहरुख खान और नयनतारा स्टारर फिल्म जवान के निर्देशक संग हाथ मिलाया है। यह एक हाई एक्शन ड्रामा फिल्म होगी। इस फिल्म के लिए निर्माता मुराद खेतानी ने भी हाथ मिलाया है। निर्माता मुराद खेतानी इससे पहले इंडस्ट्री को कबीर सिंह और भूल भुलैया 2 जैसी बड़ी हिट फिल्में दे चुके हैं। एक रिपोर्ट की मानें तो वरुण धवन और एटली कुमार की इस फिल्म से जुड़े करीबी सूत्र ने फिल्म के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वो लंबे वक्त से एक्शन थ्रिलर फिल्म के इंतजार में थे। जो इस फिल्म से पूरी होगी। इतना ही नहीं, पता चला है कि फिल्म की शूटिंग इसी जुलाई-अगस्त से शुरू होने वाली है। सूत्र ने कहा, वरुण और मुराद खेतानी के बीच काफी लंबे वक्त से एक फिल्म को लेकर बात हो रही थी। एक्टर इस फिल्म की शूटिंग अगस्त की शुरुआत में ही शुरू कर देंगे। ये एक कमर्शियल एंटरटेनर फिल्म है। जो अभी प्री-प्रोडक्शन स्टेज पर है। फिल्म की टीम बड़े स्केल के एक्शन प्लान कर रही है। फिल्म



स्टार वरुण धवन की फिल्म साल 2024 की गर्मियों तक थियेटर पहुंचने वाली है। फिल्म की कहानी एक बेहद जबरदस्त इमोशनल ड्रामा फिल्म है। जिसमें लार्जर दैन लाइफ एक्शन सीक्वेंस है।निर्देशक एटली कुमार फिलहाल सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म जवान को डायरेक्ट कर रहे हैं। इसके बाद उनकी अगली फिल्म का अभी तक आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। जबकि, एक्टर वरुण धवन इन दिनों राज एंड डीके की वेब सीरीज सिटाडेल में बिजी हैं। इसके बाद वो निर्देशक नितेश तिवारी की फिल्म बवाल लेकर थियेटर पहुंचेंगे। साथ ही वो भेडिया 2 में भी नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म की शूटिंग करीब 4-5 महीने के अंदर पूरी हो जाएगी। फिलहाल फिल्म की लीडिंग एक्ट्रेस की तलाश जारी है। जिसे मेकर्स जून महीने के अंत तक फाइनल कर लेंगे। अब देखना ये है कि इस फिल्म का आधिकारिक ऐलान कब होगा।

# जन्मों-जन्मों तक कटरीना के साथ रहूंगा : विक्की कौशल

मुंबई (ईएमएस)।जरा हट के, जरा बच के फिल्म का ट्रेलर जारी होने के दौरान एक्टर ?विक्की कौशल ने कहा ?कि वे जन्मों–जन्मों तक कैटरीना के साथ रहेंगे।इस समारोह में फिल्म के सितारे विक्की कौशल और सारा अली खान मीडिया से रू–ब–रू हुए थे।इस दौरान एक पत्रकार ने पूछा ?कि कटरीना कैफ से भी ज्यादा अच्छी लडकी मिल जाए, तो क्या वो उन्हें डिवोर्स दे देंगे? यह प्रश्न सुनकर विक्की हैरान रह गए।फिर उन्होंने खुद को संभालते हुए इस सवाल का जवाब दिया और कहा– सर शाम को घर भी जाना है।आप ऐसे टेढ़े सवाल पूछ रहे हो, बच्चा हूं अभी मुझे बड़ा तो होने दो।कैसे जवाब दूं इसका मैं? इतना खतरनाक सवाल पूछा है आपने।विक्की कौशल ने हंसते हुए कहा, कुछ भी हो जाए मैं जन्मों–जन्मों तक कटरीना के साथ रहूँगा।




गौरतलब है ?कि आगामी 2 जून को लक्ष्मण उतेकर निर्देशित फिल्म जरा हट के, जरा बच के का प्रदर्शन होने जा रहा है। इस फिल्म में विक्की कौशल और सारा अली खान नजर आएंगे। यह एक ऐसे युवा दम्पत्ति की कहानी है जो शादी के कुछ माह बाद ही अलग होना चाहता है। बातचीत के दौरान विक्की ने ये भी बताया कि कटरीना ने कई बार घर पर बार पीस सेटअप करने की डिमांड की है। विक्की ने कहा- घर के फर्नीचर को लेकर हमारी बातें होती रहती हैं। मैडम (कटरीना) घर पर ही बार पीस सेटअप करना चाहती हैं। मैंने देखा कि इसमें कितना खर्च आएगा और मैं प्राइस टैग देखकर हैरान रह गया। बार-सेटअप करना इतना महंगा है कि इससे अच्छा तो मैं खुद ट्रे लेकर खड़ा हो जाऊं, और ड्रिंक सर्व कर दूं। ये पूरा पीस खरीदने से तो कहीं सस्ता है। जब विक्की से ये पूछा गया कि उनकी फिल्मों में उनके कैरेक्टर की फीमेल कैरेक्टर से ज्यादा बनती क्यों नहीं है तो विक्की ने कहा- भगवान हमेशा जिंदगी में बैलेंस बनाकर रखते हैं। मेरी रियल लाइफ मेंकटरीना हैं और मैं बहुत खुश हूं तो वहीं रील लाइफ में मेरे कैरेक्टर परेशान रहते हैं। बता दें ?कि विक्की कौशल और सारा अली खान की अपकमिंग फिल्म जरा हटके जरा बचके के डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर हैं। फिल्म में राकेश बेदी, शरीब हाशमी और नीरज सूद भी दिखेंगे। फिल्म 2 जून को बिग स्क्रीन पर रिलीज होगी। इससे जुड़ा वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। विक्की-कटरीना के फैंस उनके इस रिस्पॉन्स को काफी पसंद कर रहे हैं।

# दर्शकों ने पूजा और सलमान की जोड़ी की प्रशंसा की



**मुंबई (ईएमएस)।** हाल ही में किसी का भाई किसी की जान में दिखाई दी पूजा और सलमान की जोड़ी की दर्शकों ने खूब प्रशंसा की। पूजा और उनकी माँ लता हेगड़े ने बताया कि वह पूजा को अल्लू अर्जुन, ऋतिक रोशन और सलमान खान के साथ बड़े पर्दे पर देखना पसंद करती हैं। इंटरव्यू के दौरान, पूजा की मां से उस अभिनेता के बारे में पूछा गया जो स्क्रीन पर उनके साथ सबसे अच्छा दिखता है। उनकी मां ने सलमान, अल्लू अर्जुन और ऋतिक का नाम चुना। पूजा ने ऋतिक के साथ मोहन जो दारो से हिन्दी सिनेमा में डेब्यू किया था। हालांकि आशुतोष गोवारिकर निर्देशित यह फिल्म उस वर्ष की सबसे बड़ी असफल फिल्मों में शामिल हुई थी। अल्लू अर्जुन के साथ, उन्होंने अला वैकुंठप्रेमुलु में अभिनय किया। पूजा की मां ने कहा, वह अल्लू अर्जुन और ऋतिक रोशन के साथ सबसे अच्छी लगती हैं। पूजा ने इस बातचीत के बीच में अपनी माँ को टोकते हुए कहा, देखो माँ ईमानदार जवाब देती हैं, हमें कूटनीतिक जवाब देना है । उसकी माँ ने आगे कहा, नहीं, दूसरे भी काफी अच्छे हैं। लेकिन अगर आप मुझसे पूछें कि कौन सबसे अच्छा दिखता है, तो मैं सभी का नाम नहीं ले सकती। लेकिन सलमान भी अच्छे थे। अपने होने वाले पति के बारे में बात करते हुए, उनकी माँ ने उन चीजों की एक सूची भी साझा की जो उनके साथी के पास होनी चाहिए। मुझे लगता है कि उसे ऐसे व्यक्ति से शादी करनी होगी जिसे वह देख सके, जो उसे प्रेरित करे और जो उसे प्रोत्साहित भी करे और वाइस इसके विपरीत। वह एक बहुत ही संवेदनशील व्यक्ति है, कोई है जो उसकी छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखता है और उसे विशेष महसूस कराता है। मुझे लगता है कि यही उसके लिए काम करेगा।उसने खुलासा किया, उसे किसी ऐसे व्यक्ति की तलाश करनी चाहिए जो बहुत समझदार हो, जो उसे बहुत अच्छी तरह से समझता हो। मुझे लगता है कि एक सफल विवाह के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात एक अच्छी साझेदारी है। बुद्धिमान बातचीत करने में सक्षम होने के नाते, उस व्यक्ति का सम्मान करने में सक्षम होना। यदि कर सकते हैं उस व्यक्ति का सम्मान न करें जिसे आप अपने पति के साथ रहने जा रही हैं, उस व्यक्ति के साथ जीवन जीना बहुत मुश्किल है।








नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# बहनें बनीं प्रगति की सूत्रधार

## स्व-सहायता समूहों के संकुल संगठनों की बहनों के साथ

मुख्यमंत्री

## शिवराज सिंह चौहान

द्वारा

# परिचर्चा

**20 मई, 2023 । अपराह्न 1:00 बजे**

**मुख्यमंत्री निवास, भोपाल**

### स्व-सहायता समूह ला रहे बड़ा बदलाव

51 लाख 63 हजार महिलाएं हुईं आत्मनिर्भर

5 हजार करोड़ रुपये का क्रेडिट लिंकेज

मात्र 2 प्रतिशत ब्याज पर बैंक ऋण उपलब्ध





"स्व-सहायता समूह की बहनों ने अपने परिश्रम और लगन से इतिहास रचा है। उनके जीवन में आया सकारात्मक बदलाव और प्रगति ही मेरे जीवन की सार्थकता है।"

**शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री

D-11026

**पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन**

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023